# ऐसा भी वक्त गुजारा जब स्कूल की फीस नहीं दे सकती थी:मुक्ति मोहन



एक बहन मशहूर बॉलिवडु प्लेबैक सिंगर नीति मोहन और दूसरी डांसर शक्ति मोहन, तो भला तीसरी बहन कैसे पीछे रह सकती थी। दिल्ली की टैलंटेड मोहन सिस्टर्स में से एक मुक्ति मोहन इन दिनों थिअटर पर फोकस कर रही हैं। वह डांस शो की विनर भी रह चुकी हैं और सिंगिंग रिऐलिटी शो की होस्ट भी। इतना ही नहीं वह ब्लड ब्रदर्स, साहेब बीवी और गैंगस्टर, हेट स्टोरी जैसी फिल्मों में काम भी कर चुकी हैं।

**उस वक्त जब लोग थिअटर से भाग रहे हैं आपने थिअटर चुना, क्यों?**

मुझे थिअटर करने में ज्यादा मजा आता है। मैंने टीवी शो की ऐंकरिंग भी की है जिसमें 18 घंटों तक शूट चलता था, लेकिन थिअटर से मुझे एनर्जी मिलती है। 3 साल पहले मैंने मुंबई में थिअटर वर्कशॉप की थी। फिर हम चार लोगों ने ग्रुप बना लिया। हाल में ही दिल्ली में कई प्ले किए हैं। हैबिटेट सेंटर में ओल्ड वर्ल्ड थिअटर फेस्टिवल में वन नाइट ओनली, उसके बाद द जेंटलमेंस क्लब। थिअटर करते हुए मैं बहुत सीख रही हूं। इसलिए इसमें मजा आता है। हाल के नाटक में मैंने एक ऐसा किरदार निभाया जिसमें मर्द औरत हो जाता है, औरत मर्द हो जाती है। तब सीखा कि ऐसा नहीं है कि गुस्सा करता है तो मर्द है और औरत हैं तो ही रोएंगी। यह व्यक्तित्व बदलने वाला अनुभव था। आवाज का उतार-चढ़ाव सीखने को मिला। वैसे बचपन से ही मैं बहुत गपोड़ी हूं। मम्मी-पापा ने शायद तभी सोच लिया था कि इसे थिअटर में पहुंचना चाहिए। तो मैं थिअटर में पहुंच ही गई। दरअसल मुझे कहानी कहने की आदत है। मुझे अच्छा लगता है लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखना।

**अब दिल्ली आती हैं तो अपने बचपन को कैसे याद करती हैं?**

यहां बहुत ज्यादा समय तो नहीं गुजार सकी क्योंकि मैं काफी छोटी थी तभी राजस्थान के पिलानी में पढ़ाई करने चली गई थी। हम सारी बहनों ने हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की है। पहले हम रोते थे कि हॉस्टल नहीं जाना फिर आदत पड़ गई। दरअसल पापा सोचते थे कि दिल्ली शहर में चार बेटियों की देखरेख कैसे करेंगे? हम वेस्ट दिल्ली के रोहिणी में रहते थे। बड़े होकर पता चला कि उन्हें जिस चीज का डर था यानी हमारी सेफ्टी आदि की फिक्र, पैरेंट्स ने उससे हमें बचा भी लिया, हम बड़े हो गए और बाकी लड़कियों की तरह कुछ झेलना नहीं पड़ा। पापा ने हम बहनों को बहुत स्ट्रॉन्ग बना दिया है। पिलानी में गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए मैंने 98.8 पर्सेंट नंबर लेकर स्कूल टॉप किया। उसकी वजह यह भी रही कि एक वक्त ऐसा था जब मेरे पापा हमारी फीस भरने की हालत में नहीं थे। वह सीए हैं लेकिन तब वक्त ऐसा गुजरा है, मैंने फीस देने के लिए स्कॉलरशिप हासिल की। बाद में मैंने मुंबई में सेंट जेवियर्स कॉलेज से साइकॉलजी की पढ़ाई की है।

**यानी दिल्ली में लड़कियों के लिए सेफ्टी और सिक्यॉरिटी का मुद्दा रहता है?**

सिर्फ ऐसा नहीं है, लेकिन यहां दायरे बहुत हैं जो मुंबई में नहीं हैं। दिल्ली में लड़कियों को शायद वैसे मौके नहीं मिलते जो मुंबई शहर में हैं, इसीलिए उसे सपनों का शहर कहते हैं। वहां मेहनत करके सबके सपने पूरे हो जाते हैं।

**आपने अपनी थिअटर कंपनी शुरू कर दी है, कैसे नाटक चुनती हैं?**

पिछले दिनों हमारे ग्रुप के पहले नाटक इला को मशहूर लाडली अवॉर्ड मिला है। यह देवदत्त पटनायक के रचना पर आधारित है। मैं मानती हूं कि भारत में बहुत सी कहानियां हैं जो गेम्स ऑफ थ्रोन से भी बेहतर हैं। हम भारतीय कहानियों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। पर हम शेक्सपीयर की बात करते हैं लेकिन अपने घर की चीज की परवाह नहीं करते। फिलहाल हमारे कई नाटक प्रॉजेक्ट पाइपलाइन में हैं। पिछले दिनों बच्चों का एक प्ले किया बगिया में बगावत वह मेरे पापा बृज मोहन शर्मा ने लिखा है। हमने जो थिअटर कंपनी बनाई है मुक्ति मंच उसका यह पहला नाटक है। इसे बाल दिवस पर मुंबई में आयोजित किया। इसमें फूलों में से नेक फूल को राजा बनाने की कहानी दिखाई। यह चुनाव को लेकर है। फिलहाल बच्चों के लिए बनाया यह प्ले हम बड़ो के लिए दिल्ली में भी लाएंगे। उम्मीद है अगले साल नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के फेस्टिवल में एंट्री करें।

**क्या वजह लगती है कि फिल्मों के लिए महंगी टिकट खरीदने वाले लोग थिअटर में पैसा खर्च करने को तैयार क्यों नहीं होते?**

मुझे ऐसा नहीं लगता कि अब पहले जैसा वक्त रहा है। थिअटर भी पहले जैसा नहीं रहा, नई टेक्नॉलजी आ गई है। अब थिअटर देखना नया अनुभव करना होता है। ऐसा नहीं है कि लोग फिल्मों को ही तरजीह देते हैं। दिल्ली में ऐसे भी नाटक होते हैं जिनको देखने के लिए लोग 4 हजार रुपये का टिकट भी खरीदते हैं। इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि थिअटर हमेशा रहेगा। फिर हमारा मुक्ति मंच भी सब जगह जाने की प्लानिंग कर रहा है। हम थिअटर तो करेंगे ही फिल्में भी बनाएंगे, वेब सीरीज और म्यूजिक सब कुछ करने की योजना है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# सलमान ने कपिल के साथ काम करने के लिये मुझसे बात की



अभिनेता-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कहा है कि सलमान खान ने उनसे कपिल शर्मा के दोबारा आ रहे शो में साथ काम करने को लेकर बात की थी। ऐसी चर्चा है कि कपिल शर्मा के नए कॉमेडी शो के निर्माता सलमान खान दोनों कलाकारों के साथ काम करने के लिये उनका मनमुटाव दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। सलमान की फिल्म भारत में काम कर रहे 41 वर्षीय सुनील ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी सलमान से बात हुई है।

सुनील ने पीटीआई- बताया, सलमान सर उस शो का निर्माण कर रहे हैं। मेरी डेट्स कपिल के शो से टकराएंगी क्योंकि मैं सलमान सर की फिल्म में काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा उन्होंने (सलमान ने) मुझसे दोनों के साथ आने को लेकर संक्षिप्त बातचीत की। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कपिल के साथ दोबारा काम करने के लिये तैयार हैं, सुनील ने कहा, यह वक्त बताएगा, भगवान बताएगा। फ्लिहाल मैं अपने शो पर ध्यान दे रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं हर किसी के चेहरे पर मुस्कान लेकर आउंगा।'' सुनील अली असगर और उपासना सिंह के साथ खुद का कॉमेडी शो कानपुर वाले खुरानाज लेकर आ रहे हैं। अली असगर और उपासना पहले द कपिल शर्मा शो और कॉमेडी नाइट्स विद कपिल में भी काम कर चुके हैं। दोनों कलाकार पिछले साल सुनील से झगड़े के बाद कपिल शर्मा से अलग हो गए थे।



# एंडी मैक के अभिनेता स्टॉनी वेस्टमोरलैंड को डिजनी ने निकाला

डिजनी केबल नेटवर्क ने 13 साल की एक लड़की के यौन उत्पीड़न के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार 'एंडी मैक' के अभिनेता स्टॉनी वेस्टमोरलैंड के साथ अपने रिश्ते खत्म कर दिए हैं। इस लड़की से उसकी ऑनलाइन मुलाकात हुई थी। 'डेडलाइन' ने खबर दी है कि 48 वर्षीय वेस्टमोरलैंड डिजनी चौनल के कार्यक्रम 'एंडी मैक' में दादा की भूमिका निभाते हैं। डिजनी चौनल के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ' एंडी मैक श्रृंखला में काम करने वाले एक अदाकार स्टॉनी वेस्टमोरलैंड को आज सॉल्ट लेक सिटी में गिरफ्तार किया गया। आरोपों की प्रकृति और नाबालिग कर्मियों के कल्याण के प्रति हमारी जिम्मेदारी के मद्देनजर, हमने उन्हें उनकी भूमिका से मुक्त कर दिया है और वह श्रृंखला में आगे से भी काम नहीं करेंगे। इस कार्यक्रम की तीसरी श्रृंखला का प्रोडक्शन अगले हफ्ते पूरा हो रहा है।'

वेस्टमोरलैंड को शुक्रवार को यूटा से गिरफ्तार किया गया है। टीवी स्टेशन केएसएल के मुताबिक, अदालती दस्तावेज कहते हैं कि उन्हें इंटरनेट या लिखित संदेश के माध्यम से नाबालिग को प्रलोभन देने की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा उनपर नाबालिगों के लिए नुकसानदेह सामग्री का इस्तेमाल करने के चार आरोप भी लगाए गए हैं। सॉल्ट लेक में थर्ड डिस्ट्रिक्ट अदालत में दिए गए हलफनामे में संकेत दिया गया है कि वेस्टमोरलैंड ने एक ऐसी एप्प के जरिए यह मनाते हुए लड़की के साथ संपर्क स्थापित किया कि वह नाबालिग है। इस एप्प का इस्तेमाल डेटिंग और यौन गतिविधियों के लिए लोगों से मिलने के लिए किया जाता है।